गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, चास

विशेष अवकाश कार्य 2020-21

वर्ग सप्तम

---

भाषा और उसका स्वरूप

जिस साधन के द्वारा हम बोलकर या लिखकर अपनी बात रख अट करते हैं सच सुनकर या पढ़कर दूसरे की बात ग्रहण करते हैं उस साधन को भाषा का नाम दिया गया है।

भाषा के रूप

भाषा के दो रूप है मौखिक भाषा और लिखित भाषा।

मौखिक भाषा-भाषा का वह रूप जिसे बोला-सुना ,समझा-समझाया जाता है ,मौखिक भाषा कहलाता है।

लिखित भाषा-जब लिखकर या पढ़कर विचारों भावों का आदान-प्रदान होता है तो वह भाषा रूप लिखित भाषा कहलाता है।

भाषा और लिपि का संबंध

मौखिक ध्वनियों को लिखकर प्रकट करने के लिए जिन चिह्नो का प्रयोग किया जाता है उन्हें लिपि कहते हैं।

| भाषा | लिपि |
|---|---|
| संस्कृत | देवनागरी |
| हिंदी | देवनागरी |
| अंग्रेजी | रोमन |
| उर्दू | अरबी फारसी |
| पंजाबी | गुरमुखी |

भाषा और व्याकरण

व्याकरण वह शास्त्र है जो भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराता है।

व्याकरण के अंतर्गत निम्नलिखित पर विचार किया जाता है-

- वर्ण विचार-इस विभाग में वर्णों की बनावट उनके प्रकार तथा शुद्धता आदि पर विचार किया जाता है।

- शब्द विचार-इस विभाग में शब्दों के प्रकार बनावट तथा शुद्धता पर विचार किया जाता है।

- पद विचार-व्याकरण के इस अंग में वाक्य में प्रयुक्त शब्दों की पहचान पदों के रूप में कराई जाती है।
- वाक्य विचार-इस विभाग में वाक्य की बनावट उनके प्रकार तथा शुद्धता पर विचार किया जाता है।

राष्ट्रभाषा या राजभाषा हिंदी

हिंदी को संविधान द्वारा स्वीकृत राष्ट्रभाषा नहीं बनाया गया। 14 सितंबर 1949 को संविधान में अनुच्छेद 343 जोड़कर हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा घोषित कर दिया गया।

हिंदी बोलने वालों की संख्या का स्थान विश्व में तीसरा है।

हिंदी भारत यूरोपीय परिवार या भारोपीय परिवार की भाषा है।

अभ्यास कार्य

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कॉपी में लिखें।

का) भाषा किसे कहते हैं?

ख) भाषा के दो भेद है उनके नाम  लिखिए?

ग) तीन भारतीय तीन विदेशी भाषाओं के नाम लिखिए?

च) व्याकरण किसे कहते हैं? व्याकरण के कितने अंग बताए गए हैं?

ङ) हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा कब घोषित किया गया?

च) हिंदी बोलने वालों की संख्या का विश्व में कौन सा स्थान है?

च)हिंदी ,पंजाबी ,फारसी तथा अंग्रेजी भाषाओं की लिपियों का नाम लिखें?